फैक्स/सरकारी ई-मेल के माध्यम से

संख्या- ए. 20011/74/2020- हिन्दी

भारत सरकार, गृह मंत्रालय

समन्वय निदेशालय, (पुलिस बेतार)

खंड-9, कें.स. का. परिसर
लोधी रोड, नई दिल्ली -3
दिनांक-06, सितम्बर, 2021

सेवा में,

सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के संयुक्त सहायक निदेशक/केन्द्र अधीक्षक।

विषय: हिंदी पखवाड़ा- 2021 के आयोजन के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर कृपया इस निदेशालय के दिनांक 02 सितम्बर 2021 के परिपत्र संख्या ए. 20011/30/2018-हिंदी का अवलोकन करें (यह परिपत्र विभाग के सरकारी वेबसाइट पर अपलोड है)।

2. उपरोक्त के आलोक में सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों को पुन: सूचित किया जाता है कि अपने-अपने केन्द्रों पर दिनांक 06 सितम्बर से 20 सितम्बर 2021 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन करें। चूंकि इस वर्ष निदेशालय द्वारा हिंदी पखवाड़ा ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें समस्त कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं में निदेशालय मुख्यालय सहित अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के कार्मिक भी भाग ले सकते हैं।

3. अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों को हिंदी पखवाड़ा 2021 के आयोजन हेतु बैनर आदि के खर्च हेतु रू. 1000/- मात्र की प्रशासनिक एवं व्यय मंजूरी (बिल आधारित) निदेशक महोदय द्वारा प्रदान की गई है। केन्द्र इस व्यय का वहन केन्द्र को निर्गत पेट्टी कैश (Petty Cash) मद में से कर सकते हैं।

4. साथ ही निदेशक महोदय ने यह अपेक्षा की है कि सभी केन्द्र अपने केन्द्रों में हिंदी पखवाड़ा के दौरान बनाए गए बैनर आदि की फोटो निदेशालय के हिंदी अनुभाग में भेजें ताकि इन गतिविधियों को विभाग की सरकारी वेबसाइट पर अपलोड किया जा सके।

5. उपरोक्त के संबंध में सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के संयुक्त सहायक निदेशक/केन्द्र अधीक्षकों से अनुरोध है कि वे अपने-अपने केन्द्र में हिंदी पखवाड़ा के आयोजन से संबंधित रिपोर्ट फोटो सहित हिंदी अनुभाग में दिनांक 25 सितम्बर 2021 तक अग्रेषित कर दें।

06.09.2021

(डॉ. राजीव कुमार सिंह)
सहायक निदेशक (राजभाषा)
टेलीफोन- 011-24361588
ई-मेल: rajivkumar.79@dcpw.gov.in

प्रतिलिपि.

1. लेखा अधिकारी, स.नि.पु.बे. : कृपया सूचनार्थ।
2. सहायक निदेशक, सूचना प्रौद्योगिकी - कृपया विभाग के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।